"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 17] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 22 अप्रैल 2016—वैशाख 2, शक 1938

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 28 मार्च 2016

क्रमांक ई-1-01/2016/एक/2.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्रीमती निहारिका बारिक, भा.प्र.से., (1997) को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने पर अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर के पद पर पदस्थ करता है.

2. श्री सोनमणि बोरा, भा.प्र.से. (1999) आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग के पद पर पदस्थ करता है. साथ ही सचिव, छ.ग. शासन, समाज कल्याण तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विवेक ढाँड, मुख्य सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2016.

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 6 अप्रैल 2016

क्रमांक एफ 8-7/सात-1/2016.—भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 51 की उप-धारा (1) के अन्तर्गत राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक एफ 4-47/सात-1/2015 दिनांक 28 जनवरी, 2016 द्वारा गठित राज्य स्तरीय "भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण" हेतु स्वीकृत "पीठासीन अधिकारी (जिला न्यायाधीश संवर्ग में छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा से)" के रिक्त 01 पद को भरने के लिए, इच्छुक व्यक्तियों से संपूर्ण विवरण सहित आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं.

आवेदन पत्र निम्नांकित पते पर प्राप्त होना चाहिए :—

सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर, (कक्ष क्रमांक एस-2-21) के कार्यालय में, कार्यालयीन समय पर दिनांक 30-04-2016 तक (फैक्स क्रमांक 0771-2510122, 2221972, 2221242 अथवा राजस्व विभाग के ई-मेल पते-revenue.cg @ nic.in) प्राप्त हो, पर विचार किया जायेगा.

1. **नियुक्ति के लिए अर्हताएं.**—राज्य स्तरीय "भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण" में पीठासीन अधिकारी (जिला न्यायाधीश संवर्ग में छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा से),—

    (1) वह जिला न्यायाधीश है या रहा है.

2. **नियुक्ति हेतु चयन की रीति.**— पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति माननीय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति के परामर्श से की जायेगी.

3. **पीठासीन अधिकारी की पदावधि.**— राज्य स्तरीय गठित प्राधिकरण के पीठासीन अधिकारी, उस तारीख से, जिसको वह अपना पद ग्रहण करेगा, तीन वर्ष की अवधि के लिए या पैंसठ वर्ष की आयु पूरी करने तक, जो भी पूर्वत्तर हो, पद धारण करेगा.

4. **पीठासीन अधिकारी के वेतन और भत्ते तथा उनकी सेवा के अन्य निबंधन और शर्तें.**— अधिनियम की धारा 56 के अनुसार प्राधिकरण के पीठासीन अधिकारी को संदेय वेतन और भत्ते तथा उसकी सेवा के अन्य निबंधन और शर्तें (जिनके अंतर्गत पेंशन, उपदान और अन्य सेवानिवृत्ति फायदे भी हैं) वही होंगी, जो विहित की जाएं.

5. **रिक्तियों का भरा जाना.**—प्राधिकरण के पीठासीन अधिकारी के पद में, अस्थायी अनुपस्थिति से भिन्न किसी कारण से कोई रिक्ति होती है तो उस रिक्ति को भरने के लिए, उपरोक्त खण्ड 2, 3 एवं 4 में विहित मापदण्ड अनुसार किसी अन्य व्यक्ति की नियुक्ति की जा सकेगी.

6. **सेवा से त्याग पत्र और हटाया जाना—**

    (1) प्राधिकरण का पीठासीन अधिकारी, राज्य शासन को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लिखित सूचना द्वारा अपना पद त्याग सकेगा,

    परन्तु पीठासीन अधिकारी, जब तक उसे शीघ्र अपना पद त्यागने के लिए राज्य शासन द्वारा अनुज्ञात नहीं किया जाता है, तब तक ऐसी सूचना की प्राप्ति की तारीख से तीन मास की समाप्ति तक या उसके उत्तरवर्ती के रूप में सम्यक रूप से नियुक्त किसी व्यक्ति द्वारा उसका पद ग्रहण करने तक या उसकी पदावधि की समाप्ति तक, जो भी पूर्वत्तर हो, पद धारण करता रहेगा.

    (2) पीठासीन अधिकारी को, उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश द्वारा किसी प्राधिकरण के पीठासीन अधिकारी के मामले में ऐसी जांच किए जाने के पश्चात् जिसमें संबंधित पीठासीन अधिकारी को उसके विरुद्ध आरोपों के बारे में सूचित किया गया हो और उन आरोपों के संबंध में सुने जाने का युक्ति-युक्त अवसर दिया गया हो, साबित कदाचार या अक्षमता के आधार पर राज्य शासन द्वारा किये गये आदेश के सिवाय, उसके पद से नहीं हटाया जाएगा.

7. **प्राधिकरण के पीठासीन अधिकारी की शक्तियों और उसके समक्ष कार्यवाही**—राज्य स्तरीय प्राधिकरण को, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) के अधीन अपने कृत्यों के प्रयोजन के लिए, वही शक्तियां होगी, जो सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 (1908 का 5) के अधीन, किसी सिविल न्यायालय में निहित है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. आर. पिस्दा, सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 6 अप्रैल 2016

क्रमांक एफ 7-04/2016/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 19 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, आयुक्त सह संचालक, द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (3) के प्रावधानों के तहत् प्रस्तुत बलरामपुर निवेश क्षेत्र की बलरामपुर विकास योजना 2031 का अनुमोदन करता है. बलरामपुर निवेश क्षेत्र की बलरामपुर विकास योजना, 2031 उक्त अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (4) के उपबंधों के अनुसार छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित की जा रही है.

2. बलरामपुर निवेश क्षेत्र की बलरामपुर विकास योजना 2031 की प्रति निम्नलिखित कार्यालयों में कार्यालयीन समय में निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी :—

1. सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर (छ.ग.)
2. मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, बलरामपुर (छ.ग.)
4. कलेक्टर, बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

3. छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 19 की उपधारा (5) के प्रावधानों के तहत छत्तीसगढ़ राजपत्र में उक्त सूचना के प्रकाशन के दिनांक से बलरामपुर निवेश क्षेत्र की बलरामपुर विकास योजना 2031 प्रभावशील होगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेजीना टोप्पो, संयुक्त सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 6 अप्रैल 2016

क्रमांक एफ 7-04/2016/32.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में बलरामपुर निवेश क्षेत्र की बलरामपुर विकास योजना 2031 इस विभाग की समसंख्यक सूचना दिनांक 6-4-2016 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेजीना टोप्पो, संयुक्त सचिव.

Naya Raipur, the 6th April 2016

No. F 7-04/2016/32.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 19 of Chhattisgarh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973, the State Government hereby accord approval to the Balrampur Planning Area, Balrampur Development Plan-2031 submitted by Directorate under sub-section (3) of section 18 of said Adhiniyam. The same is being published in "Chhattisgarh Rajpatra" for as required by sub-section (4) of section 19 of the said Adhiniyam.

2. The copy of the approved Balrampur Planning Area, Balrampur Development Plan-2031 shall be available during office hours for inspection in the following offices :—

1. Assistant Director, Town & Country Planning, Ambikapur (C.G.)
2. Nagar Panchayat Parishad, Balrampur (C.G.)
3. Collector, Balrampur-Ramanujganj (C.G.)

3. The Balrampur Planning Area, Balrampur Development Plan-2031 shall come into operation from the date of publication of the said notice in Chhattisgarh Rajpatra as per the provision of sub-section (5) of section 19 of Chhattisgarh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973.

By order in the name of the Governor of Chhattisgarh,
REGINA TOPPO, Joint Secretary.

वन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 5 अप्रैल 2016

क्रमांक एफ 5-23/2004/10-2.—राज्य शासन एतद्द्वारा विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 23-06-2010 की कंडिका के 13(2) तथा 14(1) के स्थान पर निम्नानुसार कंडिका प्रतिस्थापित करता है.

13(2) राज्य कैम्पा की संचालन समिति निम्नानुसार होगी :—

1.	मुख्य सचिव	—	अध्यक्ष
2.	अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वन	—	सदस्य
3.	प्रमुख सचिव/सचिव वित्त	—	सदस्य
4.	प्रधान मुख्य वन संरक्षक	—	सदस्य
5.	मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक	—	सदस्य
6.	प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य लघुवनोपज संघ	—	सदस्य
7.	केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार का प्रतिनिधि	—	सदस्य
8.	गैर सरकारी संगठनों के नामांकित दो सदस्य जिन्हें राज्य शासन द्वारा दो वर्ष के लिए नामांकित किया जायेगा एवं जिन्हें पुनर्नामांकित किया जा सकेगा.	—	सदस्य
9.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास/योजना)	—	सदस्य
10.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध) नोडल अधिकारी, वन संरक्षण अधिनियम 1980.	—	सदस्य
11.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)	—	सदस्य सचिव

14(1) राज्य कैम्पा की क्रियान्वयन समिति निम्नानुसार होगी :—

1.	प्रधान मुख्य वन संरक्षक	—	अध्यक्ष
2.	मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक	—	सदस्य
3.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास/योजना)	—	सदस्य
4.	प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य लघुवनोपज संघ	—	सदस्य

5.	गैर सरकारी संगठनों के नामांकित दो सदस्य जिन्हें राज्य शासन द्वारा दो वर्ष के लिए नामांकित किया जायेगा एवं जिन्हें पुनर्नामांकित किया जा सकेगा.	—	सदस्य
6.	अपर प्रधान मुख्य वन सरक्षक (भू-प्रबंध) नोडल अधिकारी, वन संरक्षण अधिनियम 1980.	—	सदस्य
7.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)	—	सदस्य सचिव

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल कुमार साहू, सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 5 अप्रैल 2016

क्रमांक एफ 5-23/2004/10-2.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में वन विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 5-23/2004/10-2 दिनांक 5-4-2016 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल कुमार साहू, सचिव.

Naya Raipur, the 5th April 2016

No. F 5-23/2004/10-2.—The State Government hereby substitutes the following paragraphs in place of para 13(2) and 14 (1) of the notification of even no. dated 23-06-2010.

13 (2) The Steering Committee of the State CAMPA shall consist of the following :—

1.	Chief Secretary	—	Chairperson
2.	Additional Chief Secretary/Principal Secretary (Forests)	—	Member
3.	Principal Secretary /Secretary (Finance)	—	Member
4.	Principal Chief Conservator of Forests	—	Member
5.	Chief Wild life Warden	—	Member
6.	Managing Director, Chhattisgarh Rajya Laghu Vanopaj Sangh	—	Member
7.	A representative of the Ministry of Environment & Forests Government of India.	—	Member
8.	Two eminent NGO's to be nominated by the State Government for a period of 2 years at a time, who shall be eligible for renomination.	—	Member
9.	Additional Principal Chief Conservator of forest (Development/ Planning).	—	Member
10.	Additional Principal Chief Conservator of forest (Land Management) Nodal officer, Forest Conservation Act 1980.	—	Member
11.	Additional Principal Chief Conservator of forest (CAMPA)	—	Member Secretary

14 (1) The Executive Committee of the State CAMPA shall consist of the following :—

1.	Principal Chief Conservator of Forests	—	Chairperson
2.	Chief Wild life Warden	—	Member
3.	Managing Director, Chhattisgarh Rajya Laghu Vanopaj Sangh	—	Member
4.	Additional Principal Chief Conservator of forest (Development/ Planning).	—	Member
5.	Two eminent NGO's to be nominated by the State	—	Member
6.	Government for a period of 2 years at a time, who shall be eligible for renomination.	—	Member

7.	Additional Principal Chief Conservator of forest (Land Management) Nodal Officer, Forest Conservation Act 1980.	—	Member
8.	Additional Principal Chief Conservator of forest (CAMPA)	—	Member Secretary

By order in the name of the Governor of Chhattisgarh,
ANIL KUMAR SAHU, Secretary.

श्रम विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 30 मार्च 2016

क्रमांक 731/676/2016/16.—औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2016 के लिए निरूपित व्यवसाय सुधार कार्य योजना के अंतर्गत निम्न तथा मध्यम श्रेणी के जोखिम वाले उद्योगों/स्थापनों (Medium Risk Industries) के लिए अन्य पक्ष प्रमाण (Third Party Certification) की सुविधा अनुमान्य करने का परामर्श दिया गया है.

सम्यक विचारोपरांत निर्णय लिया गया है कि ऐसे उद्योग/स्थापना यदि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, डीजीफासली (D.G.F.A.S.L.I.) या सेन्ट्रल ब्यॉलर बोर्ड के द्वारा अनुमोदित अन्य पक्ष (Third Party) से श्रम अधिनियमों के अनुपालन का अंकेक्षण करा कर प्रत्येक वर्ष 30 जून तक अपने क्षेत्राधिकार के निरीक्षक के समक्ष प्रस्तुत करते हैं तो उन्हें दैनन्दिन निरीक्षण की प्रक्रिया से मुक्त रखा जायेगा जो उद्योग/स्थापना निर्धारित समय-सीमा तक 30 जून तक अपनी विहित वार्षिक विवरणी अपलोड नहीं करेंगे उन्हें इसका लाभ नहीं मिलेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
याकुब खेस्स, उप-सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 30 मार्च 2016

क्रमांक 736/762/2016/16.—औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2016 के लिए निरूपित व्यवसाय सुधार कार्य योजना के तहत समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, कारखाना अधिनियम 1948, न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, छ.ग. दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958, बोनस भुगतान अधिनियम 1965, मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936, उपादान भुगतान अधिनियम 1972, प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम 1961, ठेका श्रम (विनियमन और उत्सादन) अधिनियम 1970 एवं छ.ग. श्रम कल्याण निधि अधिनियम 1982 के अंतर्गत किये गये निरीक्षण की रिपोर्ट संबंधित निरीक्षक द्वारा विभागीय वेबपोर्टल में 48 घण्टे के भीतर ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य किया जाता है.

नया रायपुर, दिनांक 30 मार्च 2016

क्रमांक 738/695/2016/16.—औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार निरूपित व्यवसाय सुधार कार्य योजना के तहत राज्य में श्रम अधिनियमों के सरल अनुपालन एवं श्रम निरीक्षण व्यवस्था में सुधार के दृष्टिकोण से एकीकृत वार्षिक विवरणी योजना लागू की जाती है. अतएव विभिन्न श्रम अधिनियमों या उक्त अधिनियमों अंतर्गत बनाये गये नियमों के तहत विभिन्न प्रपत्रों में किसी कारखाना/स्थापना या वाणिज्यिक स्थापना द्वारा दाखिल किये जाने वाली वार्षिक विवरणियों के बदले एकीकृत वार्षिक विवरणी निर्धारित प्रपत्र में विभागीय वेबपोर्टल में प्रतिवर्ष 30 जून तक ऑनलाईन दाखिल करने हेतु विहित किया जाता है.

एकीकृत वार्षिक विवरणी योजना का लाभ लेने के लिए 30 जून तक एकीकृत वार्षिक विवरणी ऑनलाईन दाखिल करना अनिवार्य होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अब्बास खान, अवर सचिव.

कारखाना/ स्थापना/वाणिज्यिक स्थापना के लिए एकीकृत वार्षिक विवरणी 31दिसम्बर.............

संबंधित जिला श्रम कार्यालय/औद्योगिक स्वा.एवं सुरक्षा कार्यालय को प्रस्तुत करते हुए प्रतिलिपि श्रमायुक्त को प्रेषित करे

1.स्थापना का विवरण:--

(a) स्थापना का नाम ....

(b) स्थापना का पता ....

(c) स्थापना किस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत है,(संबंधित विकल्पों को टिक करे)
(अ) छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम,1958
(आ) कारखाना अधिनियम,1948
(इ) मोटर यातायात श्रमिक अधिनियम,1961
(ई) अन्य अधिनियम (उल्लेख करे)

(d) नियोजन का नाम ....

(e) मालिक/ठेकेदार का पता ....

(f) नियोजन का ई-मेल ....

(g) नियोजन व्दारा दूरभाष क्रमांक(कार्यालय)......................(आवास).....................

(h) मोबाईल नम्बर...

(i) प्रबंधक अथवा स्थापना पर नियंत्रण रखने वाले/पर्यवेक्षकीय उत्तरदायित्व रखने वाले व्यक्ति का नाम एवं पता:... ....

(j) व्यवसाय/कार्य /उत्पाद का संक्षिप्त विवरण :-...

(k) कारखाना/स्थापना के प्रारंभ तिथि...

2 कैलेण्डर वर्ष में स्थापना व्दारा सीधे नियोजित श्रमिकों का विवरण (संविदा श्रमिकों को छोड़कर)

(अ) प्रतिदिन नियोजित श्रमिको की औसत संख्या ....

(आ) एक दिन में किये जाने वाले कार्य के औसत घंटे (अधिसमय कार्य सहित): ....

(इ) वर्ष में मानव दिवसों की संख्या
(1) पुरूष ....
(2) महिला ....
(3) किशोर ....
(4) बालक ....
कुल.....................

(ई) औसतन दैनिक नियोजित श्रमिक संख्या

1. वयस्क ....
2. किशोर ....

कुल......................

3.साप्ताहिक अवकाश का दिन (टिक करे)

(सोमवार/मंगलवार/बुधवार/गुरुवार/शुक्रवार/शनिवार/रविवार)

पारियों का समय

प्रथम पारी : समय .... बजे से ....तक ....

पारी (यदि लागू हो) समय .... बजे से ....तक ....

तृतीय पारी (यदि लागू हो): समय .... बजे से ....तक ....

कैलेण्डर वर्ष में कुल कार्य दिवस :...

4.वर्ष के दौरान किए कटौती

मामलों की संख्या	कुलराशि	जुर्माना	क्षति या हानि	अनुबंध का उल्लंघन कुल

4-1.वर्ष के दौरान जुर्माना निधि से संवितरण:-

1. वर्ष के शुरुआत में जुर्माने की शेष राशि(रु.)..
2. वर्ष के दौरान जुर्माना निधि से संवितरण.

क्रमांक	उद्देश्य	राशि
1		
2		
3		
योग		

3. वर्ष के समाप्ति में जुर्माने की शेष राशि (रु.)..................

5. लागू होने वाले अधिनियम के पंजीयन का विवरण :-

क्र०	अधिनियम का नाम (संबंधित अधिनियम को टिक करे)	पंजीयन/ अनुज्ञप्ति क्रमांक	जारी करने/अंतिम नवीनीकरण का दिनाँक
1	छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम,1958/ कारखाना अधिनियम, 1948/मोटर यातायात श्रम अधिनियम		
2	संविदा श्रम अधिनियम,1970 (यदि लागू हो)		
3	अंतर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार (नियोजन का विनियमन एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम 1979 (यदि लागू हो)		
4	अन्य अधिनियम के तहत पंजीयन होने पर अधिनियम का नाम		

6.कैलेण्डर वर्ष में स्थापना व्दारा सीधे नियोजित श्रमिकों का विवरण:-

(श्रमिकों को छोड़कर)

अ. प्रतिदिन नियोजित श्रमिकों की औसत संख्या.......................................

ब. एक दिन में किये जाने वाले कार्य के औसत घंटे(अधिनियम कार्य सहित)..........................

स. वर्ष में मानव दिवसों की संख्या :-

1. पुरुष ....
2. महिला ....
3. कुमार ....
4. बालक ....

कुल ....

7.कैलेण्डर वर्ष में स्थापना द्वारा अधिकतम नियोजित श्रमिकों का विवरण:-

वर्ष	श्रमिक संख्या									
	नियमित श्रमिक					संविदा श्रमिक				
	पुरूष	महिला	बालक (14 से कम)	कुमार (14 से 18)	योग	पुरूष	महिला	बालक	कुमार	योग
अतिकुशल										
कुशल										
अर्द्धकुशल										
अकुशल										
योग										

साप्ताहिक अवकाश का दिन (टिक करे):-

(सोमवार/मंगलवार/बुधवार/गुरुवार/शुक्रवार/शनिवार/रविवार)

द. पारियों का समय :

प्रथम पारी : समय ....बजे से .... तक ....

द्वितीय पारी (यदि लागू हो) : समय ....बजे से .... तक....

तृतीय पारी (यदि लागू हो) : समय ....बजे से .... तक.....

कैलेण्डर वर्ष में कुल कार्य दिवस :-..

8. ठेकेदारों का विवरण यदि (यदि हो तो):-

कार्यरत ठेकेदारों की संख्या	नियोजित श्रमिकों की संख्या					वर्ष में कुल मानव दिवस
	पुरुष	महिला	कुमार(14 से 18 वर्ष की आयु के मध्य)	बालक(14वर्ष के कम आयु)	योग	

8.(1) कार्यरत ठेकेदारों का विवरण

ठेकेदारों का नाम एवं पता	अनुबंध अवधि	कार्य की प्रकृति	ठेकेदार द्वारा नियोजित ठेका श्रमिकों की संख्या	कार्य दिवसों की संख्या	मानव कार्य दिवसों की संख्या

9. बोनस से लाभांवित श्रमिकों की संख्या :- (वित्तीय वर्ष --------)

बोनस के रूप भुगतान योग्य कुल राशि	समझौते का विवरण (यदि कोई हो)	घोषित बोनस का प्रतिशत	वास्तविक भुगतान किये गये बोनस की राशि	बोनस भुगतान का दिनांक	क्या सभी नियोजितों को बोनस का भुगतान किया गया है।(हाँ /नहीं)	किसी नियोजित श्रमिक को भुगतान नहीं करने का कारण (यदि लागू हो)	बोनस भुगतान की परिधि में आने वाले श्रमिकों की संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8

10. कैलेण्डर वर्ष में सेवानिवृत्त /छटनी /कार्य मुक्त किये गये श्रमिकों का विवरण :-

श्रमिकों की संख्या				भुगतान की गई स्वत्व की राशि (प्रकार सहित)
आयु पूर्ण होने पर सेवा निवृत्त	छंटनी किये गये	सेवा मुक्त/पृथिक्कीकारण/निष्कासित	सेवा समाप्ति पर भुगतान किये गये स्वत्व	

11.कैलेण्डर वर्ष में कुल मानव दिवसों की हानि का विवरण (कारण सहित)

क्र.	कारण	मानव दिवस की कुल हानि	राशि के रूप में क्षति (राशि)
(a)	हड़ताल		
(b)	तालाबंदी		
(c)	खतरनाक दुर्घटना		
(d)	गैर खतरनाक किन्तु गंभीर दुर्घटना		
(e)	अन्य		
	कुल		

12.कैलेण्डर वर्ष में भुगतान कि गई वेतन दरे :-

वर्ष	वेतन दर	श्रमिक संख्या									
		नियमित श्रमिक					संविदा श्रमिक				
		पुरूष	महिला	बालक	कुमार	योग	पुरूष	महिला	बालक	कुमार	योग
अतिकुशल											
कुशल											
अर्द्धकुशल											
अकुशल											
योग											

13.वेतन भुगतान का विवरण :-

श्रमिको की संख्या	कुल कार्य दिवस	कुल कार्य के घंटे	कुल वेतन भुगतान		कटोत्रा		शुद्ध वेतन भुगतान				
			नगद राशि	वस्तु के रूप में	आरोपित दण्ड राशि	कुल कटोत्रा	मूल वेतन	महंगाई भत्ते	वर्ष में भुगतान की गई कुल राशि	योग	बोनस

14. कलेंडर वर्ष में घटित दुर्घटनाओं की संख्या :-

घटित दुर्घटना का स्वरूप	संख्या	कारखाना निरीक्षक को दी गई सूचना	कर्मचारी राज्य बीमा निगम को दी गई सूचना	आयुक्त,कर्मकार क्षतिपूर्ति को दी गई सूचना	अन्य
प्राणांतक दुर्घटना					
गैर प्राणांतक दुर्घटना					

15. कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम,1923 के तहत् क्षतिपूर्ति भुगतान,दुर्घटना एवं व्यवसायिक जन्य बीमारियाँ:-

घटित दुर्घटना का स्वरूप	संख्या	प्रकरण संख्या जिनमे क्षतिपूर्ति भुगतान की गई	भुगतान की क्षतिपूर्ति राशि	प्रकरण संख्या जिनमे क्षतिपूर्ति भुगतान नहीं की गई
प्राणांतक दुर्घटना				
गैर प्राणांतक दुर्घटना				

दुर्घटना			मुआवजे की राशि		
चोटोंके प्रकरणों की संख्या (4)जिसके संबंध में अंतिम मुआवजे के वर्ष के दौरान भगतन किया गया है।			मृत्यु	स्थायी विकलांगता	अस्थायी विकलांगता
मृत्यु	स्थायी विकलांगता	अस्थायी विकलांगता			
1	2	3	4	5	6

रोग के नाम	व्यवसायिक रोग					
	चोटों के प्रकरणों की संख्या (4) जिसके संबंध में अंतिम मुआवजे के वर्ष के दौरान गतन किया गया है।			मुआवजे की भुगतान की राशि		
	मृत्यु	स्थायी विकलांगता	अस्थायी विकलांगता	मृत्यु	स्थायी विकलांगता	अस्थायी विकलांगता
7	8	9	10	11	12	13
वयस्क						
किशोर						

16. औद्योगिक **विवाद अधिनियम,1947 के अंतर्गत वर्क्स कमेटी का विवरण** (यदि 100 कर्मकार नियोजित हो)

01. क्या वर्क्स कमेटी कार्यशील है| (हाँ/नहीं) : ....

यदि हाँ तो कृपया निम्न जानकारी दें -

1. इसके गठन की तिथि : ....
2. कर्मकारों के प्रतिनिधियों की संख्या : ....
3. नियोजको के प्रतिनिधियों की संख्या : ....
4. वर्ष में नियोजित बैठकों की संख्या दिनाँक सहित : ....

2. यदि वर्क्स कमेटी नहीं है तो इसके गठन/कार्यशील होने में समक्ष आयी कठिनाईयाँ:

....

....

03.स्थापना में व्यावसायिक संघों की संख्या : ....

04. व्यवसायिक संघो का नाम : ....

05. बंदीकारण/ले-ऑफ़/छटनी:-

I. संस्थान के बंद किया गया या ले-ऑफ़ किया गया है..................................
II. संस्थान के बंद्र होने या ले-ऑफ़ के पूर्व माह में नियोजित श्रमिको की संख्या ....
III. संस्थान के बंद होने की तिथि ....
IV. संस्थान के बंद होने या ले-ऑफ़ से प्रभावित श्रमिक संख्या ....
V. संस्थान के बंद होने या ले-ऑफ़ का कारण..................................
VI. कर्मचारियो की छटनी तिथि ....
VII. छटनी का कारण ....
VIII. ले-ऑफ़ प्रारंभ तिथि एवं समाप्ति तिथि ....
IX. ले-ऑफ़ से वर्ष दिवस क्षति ....
X. सस्थान के बंद होने से मानव दिवस क्षति ....

17. अन्तर्राज्यीय प्रवासी कर्मकारों का विवरण (यदि नियोजित हो)

राज्य का नाम	ठेकेदार का नाम जिसके माध्यम से प्रवासी कर्मकार नियोजित किये गये है	पुरुष	महिला	कुमार(14वर्ष से 18वर्ष आयु के मध्य)	कार्य का स्वरूप

18. छ.ग. औद्योगिक नियोजन एवं स्थायी आदेश अधिनियम, 1961
क्या संस्थान पर उक्त अधिनियम प्रभावशील है - हाँ/नही ....

(1) कारखाना/स्थापना का वर्ग ....
(2) क्या सभी कर्मचारियों के लिए प्रमाणित स्थायी आदेश प्राप्त किया गया है - हाँ/नही...

19.उपादान भुगतान अधिनियम, 1972 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष में श्रमिकों को प्रदत्त उपादान का विवरण परिशिष्ट पृथक से संलग्न करें :-

क्र०	श्रमिक का नाम	नियोजन क्रमांक	सेवा निवृत्त/ छंटनी का दिनाँक	सेवा की अवधि (वर्ष एवं दिवस)	अंतिम प्राप्त मासिक वेतन (रू.)	भुगतान की गई उपादान राशि (रू.)	भुगतान नहीं करने की स्थिति में उसका कारण
1	2	3	4	5	6	7	8

20.श्रम कल्याणनिधि में अंशदान का विवरण (9 से अधिक श्रमिक नियोजन होने पर लागू)

अवधि	श्रम कल्याण निधि में जमा किया गया अंशदान(रू.)			अतिरिक्त भुगतान (यदि कोई हो)
	कर्मचरियों का अंशदान	नियोजक का अंशदान	कुल अंशदान(अर्द्धवार्षिक)	
1	2	3	4	5
30 जून की तिथि				
31 दिसम्बर की तिथि				

21.श्रमिकों को दी जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी सुख सुविधाओं का विवरण:--

(1) स्थापना में श्रमिकों की संख्या:-..
(2) आकस्मिक अवकाश स्वीकृत प्राप्त श्रमिकों की संख्या:-....................................
(3) संवैधानिक अवकाश अथवा अवकाश के बदले नगद वेतन प्राप्त करने वाले श्रमिकों की संख्या...
(4) एम्बुलेंस सुविधा प्राप्त करने वाले श्रमिकों की संख्या:-....................................
(5) कैंटिन सुविधा प्राप्त करने वाले श्रमिको की संख्या:..
(6) विश्राम कक्षों की संख्या:--...

(7) श्रमिकों हेतु विश्राम स्थल एवं आवासीय इकाईयों की संख्या..

(8) अन्य उपलब्ध करायी सुविधाएँ(स्पष्ट उल्लेख करे)...

22.यदि महिला श्रमिक नियोजित है तो निम्नांकित विवरण भरे, अन्यथा रिक्त छोड़े:--

A. मातृत्व हितलाभ अधिनियम, 1961 अथवा कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत स्वीकृत अवकाश का विवरण :--

a. स्थापना में नियोजित महिला कर्मचारियों की संख्या ....

b. स्वीकृत अवकाश दिवसों की कुल संख्या:..
ऐसे श्रमिको की संख्या जिन्होंने कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के अंतर्गत अवकाश अथवा अन्य लाभ प्राप्त किये गये...

c. 80 दिवस से कम दिवसों तक कार्य की महिलाओं की संख्या ....

d. मातृत्व हित लाभ के लिए अस्वीकृत किये गए दावों की संख्या---------------

e. ऐसे महिलाओं की संख्या जो मृत हुई हो :-

1. प्रसूति के पहले ....
2. प्रसूति के बाद ....

f. ऐसे प्रकरणों की संख्या जिसमे महिलाओं को हितलाभ के भुगतान की जगह अन्य व्यक्तियों को कर दिया गया है

g. ऐसे महिलाओं की संख्या जिनको कार्य करते समय कार्य से पृथक................

h. ऐसे महिलाओं की संख्या जिन्हें कार्य के समय निकाल दिया गया या जिन्होंने कार्य छोड़ दिया हो ....

i. ऐसे महिलाओं की संख्या जिन्हें धारा 12 की उपधारा (2) के नियम के अधीन मातृत्व लाभ और/या चिकित्सा लाभ से वंचित रही हो.................................

j. ऐसे प्रकरण जिसमे भुगतान सक्षम अधिकारी या निरीक्षक के आदेश पर बनाया गया था ....

k. ऐसे प्रकरणों की संख्या जिनमे प्रसव के पूर्व या प्रसव के पश्चात् महिला को कारावास हुआ हो ,तो शिशु की देखभाल प्रबंधन व्दारा नि:शुल्क देय हो
....

l. महिलाओ की संख्या जिसने मातृत्व हित लाभ का दावा किया है..................

m. कितनी महिलाओ का दावा स्वीकृत किया है...

n. मातृत्व लाभ की कुल राशि...

o. बोनस भुगतान किया गया है, मामलो की संख्या......................................

p. मातृत्व बोनस की कुल राशि...

B. स्वास्थ्य संबंधी विवरण:----

I. कैलेण्डर वर्ष में उपस्थित चिकित्सा अधिकारियो का नाम ....

II. चिकित्सा अधिकारी की योग्यता :...

III. चिकित्सा अधिकारी स्थापना द्वारा नियोजित है अथवा अंशकालिक है :.............

IV. यदि अंशकालिक है तो स्थापना में उनकी उपस्थिति संख्या कितनी रहती है , (त्रैमासिक उपस्थित संख्या दे)..

V. क्या स्थापना में चिकित्सालय है ? (हाँ/नहीं)..

VI. यदि हाँ तो उपलब्ध बिस्तरों की संख्या ....

VII. क्या स्थापना द्वारा पूर्णकालिक अथवा अंशकालिक रूप से महिला चिकित्सक उपलब्ध करायी गयी है?(हाँ /नहीं)..

VIII. महिला चिकित्सक की योग्यता क्या है? ....

IX. क्या स्थापना में प्रशिक्षित मिड-वाईफ उपलब्ध है? (हाँ /नहीं):-..........................

X. क्या झुलाघर उपलब्ध करायी गयी है? (हाँ/नहीं)...

23. कारखाना अधिनियम, 1948(यदि लागू हो तो विवरण दे अन्यथा छोड़ दें)

a. वर्ष में किसी एक दिन नियोजित अधिकतम श्रमिकों की संख्या ....

I. श्रमिको की संख्या (पुरुष/महिला)..

II. श्रमिको की ओवर टाइम घंटो की कुल संख्या(पुरुष/महिला)..................

III. कुल कार्य दिवस ....

IV. सुरक्षा अधिकारी ....

V. कैन्टीन ....

VI. रेस्ट रूम ....

VII. लंच रूम ....

VIII. शिशु गृह ....

IX. कल्याण अधिकारी ....

b. वर्ष में घटित दुर्घटनाओं की संख्या ....

दुर्घटना श्रेणी I :--(a) ऐसी दुर्घटनाओं की संख्या परिणामस्वरूप कोई श्रमिक 48 घंटे से अधिक समयावधि हेतु नि:शक्त हुआ हों:-..

(b) ऐसी दुर्घटना में अन्तर्ग्रस्त श्रमिक संख्या:-..

(c) ऐसी दुर्घटना के कारण हुई मानव दिवसों की हानि की संख्या ....

दुर्घटना श्रेणी II :--

(a) ऐसी दुर्घटनाओं की संख्या जिसके परिणामस्वरूप कोई श्रमिक 48 घंटे से अधिक समयावधि हेतु नि:शक्त हुआ, हो किन्तु जिसके परिणामस्वरूप स्थायी, आंशिक अथवा स्थानी पूर्ण नि:शक्तता नहीं हुई हो.................

(b) ऐसी दुर्घटनाओं में अन्तर्ग्रस्त श्रमिक संख्या ....

(c) ऐसी दुर्घटना के कारण हुई मानव दिवसों की हानि की संख्या................

दुर्घटना श्रेणी III :-

a. ऐसी दुर्घटनाओं की संख्या परिणामस्वरूप कोई श्रमिक स्थायी आंशिक अथवा स्थायी पूर्ण नि:शक्त हुआ हो:-..............................

b. ऐसी दुर्घटनाओं में अन्तर्ग्रस्त श्रमिक संख्या ....

c. ऐसी दुर्घटना के कारण हुई मानव दिवसों की हानि की संख्या..............................

दुर्घटना श्रेणी IV :--

a.ऐसी दुर्घटना की संख्या जिसके परिणामस्वरूप किसी श्रमिक की मृत्यु हुई हो तथा इस कारण हई कुल श्रमिको की संख्या :--------

24. प्रबंधन में परिवर्तन का विवरण (यदि कोई हो):-

1. स्थापना के प्रबंधन, स्थान या पंजीयन के समय पंजीयन अधिकारी के पूर्व में दिए गये अन्य किसी विवरण में कोई परिवर्तन हुआ हो, तो ऐसे परिवर्तन का विवरण एवं दिनाँक :--

परिवर्तन का दिनांक	पंजीयन के समय दी गई जानकारी	परिवर्तित जानकारी

25. 01.विभिन्न श्रम कानूनों में स्थापना के निरीक्षण के दिनाँक :

....

02.निरीक्षण दल के प्रमुख का नाम पदनाम :

....

परिशिष्ट I

ठेकेदार का नाम एवं पता	अनुबंध प्रपत्र की अवधि	कार्य की प्रकृति	प्रत्येक ठेकेदार द्वारा नियोजित कार्यकर्ता की अधिकतम संख्या	काम किये गये दिनों की संख्या	काम किये गये सोमवारों की संख्या
1	2	3	4	5	6

परिशिष्ट II

क्रमांक	कर्मचारी / कार्यकर्ता का नाम	रोज़गार का दिनांक	स्थाई पता
1	2	3	4

FORM N

प्रत्येक मामलों और कारणों के लिए धारावाहिकों 7,10,12,17 और 18 के तहत की गई कार्यवाही की पूर्ण जानकारी नीचे परिशिष्ट **में दी जानी चाहिए:-**

स्थापना की समाप्ति वर्ष के दौरान किये गये भुगतान का विवरण 31 दिसम्बर..............तक

भुगतान किये गये व्यक्ति का नाम : ....

भुगतान की गई राशि (रु.) :- ....

भुगतान का दिनांक :- ....

(1) महिला कर्मचारी :- ....

(2) महिला की नामिती :- ....

(3) महिला की क़ानूनी प्रतिनिधि :- ....

(4) प्रसव की तारीख से पहले की संभावित अवधि के लिए राशि :-..............................

(5) प्रसव की तारीख के बाद की राशि :- ....

(6) धारा 8 के तहत

(7) धारा 9 के तहत

(8) धारा 10 के तहत

(9) महिला श्रमिकों की संख्या जो पहली क़िस्त करने के बाद फरार हो ....

(10) ऐसे प्रकरणों का दावा जिसे क़ानूनी रूप से अदालत में लड़ें गये हों ....

(11) इस तरह के प्रकरणों का परिणाम...

(12) टिप्पणी ....

26. समापन/छटनी/ले-आफ

अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में बंद होने पर/छटनी/छटनी आंकड़ो पर मासिक रिपोर्ट :

क्र.	उद्योग कोड साथ-साथ विवरण (पांच अंको के स्तर पर प्रति NIC के रूप में)	स्थापना का नाम,के साथ स्वामित्व का पूरा पता व क्षेत्र के साथ(जैसे- सार्वजनिक, निजी, सहकारी या संयुक्त)	स्थापना में माह के आखिरी कार्य दिवस में कुल कामगारों की संख्या	श्रमिकों की कुल संख्या(समापन/छटनी/ले-आफ में अधिकतम प्रभावित कामगार)	(बंद/छटनी ले–आफ के कारण)	बंद/ छटनी का दिनांक	छटनी के मामले				टिप्पणी
							छटनी की अवधि		समापन मानव दिवसों की संख्या		
							प्रारम्भ	सामान्य	महीने के दौरान	महीने के अंत तक	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12

ठेकेदार विवरण*******

स्थापना, पता. टेलीफोन नंबर, फैक्स नंबर और ई-मेल पते के

नाम...

....

काम का स्थान...

नियोक्ता एक ठेकेदार है, तो नाम और मुख्य नियोजक का पता ....

1. कर्मकार / कर्मचारी का नाम ....
2. पिता का नाम / पति का नाम ....
3. पता:
   a. वर्तमान...
   b. स्थायी..
4. नाम और परिजनों को नामित / का पता ....
5. पदनाम / श्रेणी...
6. जन्म तिथि /आयु...
7. शैक्षिक योग्यता..
8. प्रविष्टि का दिनाँक..
9. कार्यकर्ता आईडी क्र० / ईएसआई / ईपीएफ /एल.डब्लू.एफ.क्र०..
10. कार्यरत व्यक्ति 14 वर्ष से कम है, तो उम्र का प्रमाण पत्र बनाए रखा है,...............................
11. लिंग: पुरुष या महिला ....
12. राष्ट्रीयता...
13. कारण के साथ रोजगार की समाप्ति की तारीख...
14. कार्यकर्ता /कर्मचारी के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान...
15. पदनाम के साथ नियोक्ता / प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर...

ठेकेदार के हस्ताक्षर/अधिकृत प्रतिनिधि
मुख्य नियोक्ता की

नियोजक/ प्रबंधक के डिजीटल हस्ताक्षर......
....

स्थान :-
दिनाँक :-

हस्ताक्षरकर्ता का नाम ....
स्थापना में पद.....................................

ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 31 मार्च 2016

क्रमांक 1214/एफ 21/01/2016/13/2.—राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की विद्युत कंपनियों में डायरेक्टर के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करती है.

कंपनीवार डायरेक्टर के रिक्त पद तथा नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आयु आदि से संबंधित अर्हताएं का विवरण नीचे दर्शाया गया है, अन्य सुसंगत योग्यता एवं अनुभव यदि हो तो तदाशय का विवरण पृथक से संलग्न किया जाए :—

क्र.	कंपनी का नाम	नियुक्ति हेतु रिक्त पद	शैक्षणिक अर्हता	आयु सीमा	अनिवार्य अर्हता	अन्य सुसंगत योग्यता/अनुभव यदि कोई हो तो
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	छ.रा. विद्युत उत्पादन कंपनी	डायरेक्टर आपरेशन्स एण्ड मेन्टेनेन्स	इलेक्ट्रीकल/ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री	दिनांक 01-04-2016 को न्यूनतम 57 वर्ष तथा अधिकतम 62 वर्ष	पॉवर जनरेशन प्लांट के संचालन/ संधारण कार्य का मुख्य अभियंता या अनिम्न पद पर न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव.	
2.	छ.रा. विद्युत पारेषण कंपनी	डायरेक्टर आपरेशन्स एण्ड मेन्टेनेन्स	इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री	दिनांक 01-04-2016 को न्यूनतम 57 वर्ष तथा अधिकतम 62 वर्ष	हाईवोल्टेज ट्रांसमिशन सिस्टम के संचालन/संधारण कार्य का मुख्य अभियंता या अनिम्न पद पर न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव.	
3.	छ.रा. विद्युत वितरण कंपनी	डायरेक्टर आपरेशन्स एण्ड मेन्टेनेन्स	इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री	दिनांक 01-04-2016 को न्यूनतम 57 वर्ष तथा अधिकतम 62 वर्ष	विद्युत वितरण प्रणाली के संचालन/ संधारण कार्य का मुख्य अभियंता या अनिम्न पद पर न्यनूतम दो वर्ष का अनुभव.	
4.	छ.रा. विद्युत वितरण कंपनी	डायरेक्टर (कामर्शियल एण्ड रेग्युलेटरी अफेयर्स)	इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री/चार्टेड एकाउण्टेन्ट सह विधि स्नातक	दिनांक 01-04-2016 को न्यूनतम 57 वर्ष तथा अधिकतम 62 वर्ष	विद्युत वितरण के क्षेत्र में वाणिज्यिक/ विनियमन कार्य का मुख्य अभियंता या अनिम्न पद पर न्यूनतम दो वर्ष अनुभव.	

2. **वेतन :—** डायरेक्टर के पद पर देय वेतन रुपये 45,900-1250(2)-48400-1550(18)-76300 तथा रुपये 5000 अतिरिक्त देय है. वेतन के अतिरिक्त कंपनी के प्रचलित के नियमों के अधीन महंगाई भत्ता, आवास भत्ता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, अवकाश यात्रा सुविधा आदि देय है. वर्तमान में लागू वेतनमान में दिनांक 01-04-2014 से पुनरीक्षण अपेक्षित है.

3. **आवेदन कौन कर सकता है :—**

i. छ.रा. विद्युत उत्पादन/पारेषण/वितरण कंपनी में कार्यरत ऐसे मुख्य अभियंता/कार्यपालक निदेशक जो ऊपर तालिका में दर्शाये अनिवार्य अनुभव धारित करते हैं.

ii केन्द्रीय सेक्टर/अन्य राज्यों के स्टेट सेक्टर के पॉवर यूटिलिटी में कार्यरत ऐसे वरिष्ठ अधिकारी जो ऊपर तालिका में दर्शाये अनिवार्य अर्हता को धारित करते हैं लेकिन चयन किए जाने पर उनकी नियुक्ति प्रतिनियुक्ति पर की जावेगी तथा नियुक्ति की अवधि उनके प्रशासनिक नियंत्रण वाले सार्वजनिक उपक्रमों/संस्थाओं में प्रतिनियुक्ति के नियमों के अधीन रहेगी.

4. **आवेदन जमा करने की प्रक्रिया :—**

i. सेवारत अभ्यर्थी अपने आवेदन की एक प्रति सीधे निर्धारित तिथि के पूर्व तथा एक प्रति नियोक्ता के सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से भेजें.

ii. नियोक्ता के माध्यम से आवेदन प्राप्त न होने पर अभ्यर्थी के प्रकरण में विचार नहीं किया जायेगा.

iii. अभ्यर्थी कलर ब्लाईण्ड नहीं होना चाहिए.

iv. नियुक्ति उम्मीदवार को कार्य ग्रहण करने के पूर्व मेडिकल बोर्ड से चिकित्सा जांच कराना होगी. मेडिकल बोर्ड की जांच में फीट पाये जाने पर ही कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा.

v. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को अपने संवर्ग से संबंधित प्रमाण पत्र जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा.

vi. अभ्यर्थियों को शैक्षणिक अर्हता, अनुभव एवं अन्य सुसंगत अनुभव यदि हो के प्रमाण में सभी दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करना होगा.

5. **नियुक्ति की प्रक्रिया :—**

i. किसी पद पर चयन हेतु 10 से अधिक अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त होने पर केवल 10 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जा सकेगा.

ii. किसी पद पर नियुक्ति के लिए प्राप्त अभ्यर्थियों के शैक्षणिक अर्हता/अनुभव के मापदण्ड एक समान पाये जाने पर अभ्यर्थियों का वर्गीकरण नियुक्ति हेतु पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक अर्हता/सुसंगत स्नातक स्तर पर प्राप्त अंकों को घटते क्रम में वरीयता सूची बनाया जाकर वरीयता में 10 अभ्यर्थियों को चयन हेतु सूचीबद्ध किया जाएगा.

iii. किसी पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन के परीक्षण में समस्त मापदण्डों में एकरूपता पाये जाने पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों में कार्यरत अभ्यर्थियों को प्राथमिकता रहेगी.

iv. प्राप्त आवेदनों में से अभ्यर्थियों के चयन किए जाने हेतु शासन का निर्णय अंतिम होगा.

6. **नियुक्ति की अवधि :—** विद्युत कंपनियों में डायरेक्टर के पद पर नियुक्ति की अवधि कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 03 वर्ष के लिए रहेगी.

